भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4584
19 मार्च, 2026 को उत्तर देने के लिए

उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना

4584. श्री जितेंद्र दोहरेः
श्री नरेश चंद्र उत्तम पटेलः

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विशेषकर उत्तर प्रदेश में जिला स्तर पर कृषिप्रधान क्षेत्रों में नई खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों या उद्योगों की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो इटावा और फतेहपुर जिलों के विशेष संदर्भ में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई), उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) जैसी विभिन्न केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत इटावा और फतेहपुर जैसे कृषिप्रधान जिलों में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों/उद्योगों के विकास के लिए सहायता प्रदान की जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान इटावा और फतेहपुर जिलों को इस प्रयोजनार्थ प्रदान की गई वित्तीय सहायता अथवा अनुदान का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रवनीत सिंह)

(क) से (ग): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) स्वंय कोई खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित नहीं करता है। तथापि, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए, एमओएफपीआई अपनी दो केंद्रीय क्षेत्र योजनाओं यथा प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई), खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) और केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के माध्यम से ऐसे उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित कर रहा है।

ये योजनाएं क्षेत्र या राज्य विशिष्ट नहीं हैं, बल्कि मांग आधारित हैं और उत्तर प्रदेश के इटावा और फतेहपुर जिलों सहित पूरे देश में कार्यान्वित्त की जाती हैं।

पीएमकेएसवाई के अंतर्गत, एमओएफपीआई ने दिनांक 31.12.2025 तक उत्तर प्रदेश राज्य में 437.67 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता के साथ 82 परियोजनाओं को अनुमोदित किया है। पीएलआईएसएफपीआई के अंतर्गत, एमओएफपीआई ने दिनांक 31.12.2025 तक उत्तर प्रदेश राज्य में 1052.10 करोड़ रुपये के निवेश वाले 26 प्रस्तावों को अनुमोदित किया है। पीएमएफएमई योजना के

अंतर्गत, उत्तर प्रदेश राज्य में दिनांक 31.12.2025 तक सहायता के लिए 803.30 करोड़ रुपये की सब्सिडी के साथ 22060 सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को अनुमोदित किया है।

उत्तर प्रदेश के इटावा और फतेहपुर जिलों में एमओएफपीआई की योजनाओं के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है-

पीएमकेएसवाई की स्थापना के बाद से संबंधित घटक योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं:

क्र.सं.	परियोजना और जिले का नाम	अनुमोदन की तिथि	परियोजना लागत (करोड़ रुपये में)	अनुमोदित अनुदान सहायता (करोड़ रुपये में)
1	एसपीवाई फ्रोजन फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, इटावा	25.04.2017	23.97	9.67
2	अनंत बायोटेक एलएलपी, फतेहपुर	29.06.2018	2.95	0.82

वर्ष 2022-23 से अब तक पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत अनुमोदित प्रस्ताव -

जिला	सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की संख्या	क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी के साथ अनुमोदित (करोड़ रुपये में)	स्वयं सहायता समूहों की संख्या	प्रारम्भिक पूंजी की राशि (करोड़ रुपये में)
इटावा	114	3.80	99	0.28
फतेहपुर	536	21.15	244	0.65

*****